हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 जून, 2024

11 रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस



12 योग दिवस को लेकर योगाचार्यों ने करवाया योगा प्रोटोकॉल



## खबर संक्षेप

### 21 जून को मनाया जाएगा दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**चरखी दादरी।** नई अनाज मंडी परिसर में जिला स्तरीय दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को योग प्रोटोकॉल के साथ मनाया जाएगा। उपायुक्त मनदीप कौर ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाला दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आमजन मानस में स्वास्थ्य सुधार के लिए चेतना पैदा करने का माध्यम बनेगा।

### फुटबाल टीम के लिए 35 खिलाड़ी चयनित

**बवानीखेड़ा।** लोहारी जाटू गांव के सीनियर सकैंडरी स्कूल में पूर्व सूबेदार एवं कोच नेपाल सिंह तंवर के नेतृत्व में खेल विभाग द्वारा अलाट की गई फुटबॉल नर्सरी के लिए विद्यालय स्थित फुटबॉल ग्राउंड में ट्रायल ली गई, जिसमें लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से फुटबॉल खेल नर्सरी के लिए 25 नियमित व 10 स्टैंड बाई बच्चों का चयन किया गया।

### जन्मदिन पर पौधा लगाने से जीवन सुखद : सुनीता

**चरखी दादरी।** हमें अपने, अपने बच्चों के जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उनकी देखरेख करनी चाहिए। यह बात गांव झांझड़ा श्योराण में अपने पुत्र अनुज कड़वासरा के 23वें जन्मदिन पर पौधरोपण करते हुए एक विचार एक सोच मंच की लोहारू ब्लाक प्रभारी सुनीता कड़वासरा ने कही। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर पौधा लगाकर उनकी देखभाल से हमारा जीवन सुखद होता है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इससे पर्यावरण तो शुद्ध होगा ही हमारी प्रकृति भी सुंदर बनेगी।

### समाधान शिविर में पहुंची 11 शिकायतें

**लोहारू।** शुक्रवार को समाधान शिविर में लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनी गई। शिविर में 11 लोगों ने विभिन्न शिकायतें दी। सबसे पहले समस्या लेकर पहुंचे फरियादी की समस्या को पंजीकरण करवाया गया व उसके पश्चात एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना गया और एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मशरूम प्रोडक्शन यूनिट पर मिलेगा 40% अनुदान

**चरखी दादरी।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को जिलावार मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है।

## फायदे के खातिर अलग फैमिली आईडी बनवाने का मामला

# टूटते रिश्ते, बिखरती संपत्ति, ऑप्शन न खुलने से लटक गई फरियादें

- नगरपरिषद में आयोजित शिविर में अलग फैमिली आईडी के सबसे ज्यादा पहुंचे मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोगों की मांग के बाद शुक्रवार को नगरपरिषद परिसर में फैमिली आईडी में आई त्रुटियों को दूर करने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सबसे ज्यादा अलग फैमिली आईडी बनवाए जाने के आवेदन पहुंचे,लेकिन कम्प्यूटर पर ऑप्शन न खुलने की वजह से अलग से फैमिली आईडी बनवाने आए लोगों को निराशा ही हाथ लगी।



**भिवानी।** आयोजित शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ही निपटारा

इनके अलावा फैमिली आईडी में आय को कम करवाने तथा बुढ़ापा पेंशन से संबंधित अनेक मामले पहुंचे, लेकिन फैमिली आईडी के मामलों को छोड़कर बाकी समस्याओं को मौके पर ही निपटारा किया गया। इस दौरान शहर के अनेक लोग मौजूद रहे। सुबह साढ़े नौ बजे नगरपरिषद में लोगों की फैमिली आईडी से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सात टेबल लगाई गई। जिन पर कम्प्यूटरों के अलावा कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। सुबह से लेकर शाम तक उक्त टेबलों पर लोगों की फैमिली आईडी से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में सबसे ज्यादा अलग फैमिली आईडी की शिकायतें पहुंची। इनके अलावा फैमिली आईडी में आय को कम करवाने की भी फरियाद की गई। जिनका मौके पर ही निपटारा किया गया। कुछ लोगों ने फैमिली आईडी में मोबाइल नम्बर बदलवाने, बुढ़ापा पेंशन के लिए फैमिली आईडी में इन्कम वैरिफाई करवाने के लिए एप्लाई किया। जिनकी मौके पर ही फैमिली आईडी दुरुस्त करवाने की समस्या का समाधान किया गया। इनके अलावा शिविर में रखी गई अधिकांश समस्याओं का नप परिसर में लगी टेबलों पर बैठे कर्मचारियों ने समाधान किया। इस दौरान अनेक शहर के लोग मौजूद रहे। इस दौरान एक महिला ने बताया कि उसकी फैमिली आईडी में तीन लाख रुपये दिखाए हुए है, जबकि उसकी इतनी आय भी नहीं है। वह फैमिली आईडी को दुरुस्त करवाने के लिए लगातार चक्कर लगा रही है, लेकिन कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है।

### अलग फैमिली आईडी का नहीं खुला ऑप्शन

नगरपरिषद में आयोजित शिविर में सबसे ज्यादा अलग फैमिली आईडी के मामले पहुंचे। चूंकि सरकारी योजनाओं का फायदा तभी मिल सकता है। जब उसकी आय कम होगी। अगर पूरे परिवार का आय ज्यादा है तो उसको अधिकांश सरकारी योजनाओं को फायदा नहीं मिल पाता। फैमिली आईडी में आय कम करवाने के लिए परिवार के लोग अलग अलग फैमिली आईडी बनवा रहे हैं। आज भी इसी तरह के मामले पहुंचे, लेकिन कम्प्यूटर पर फैमिली आईडी के लिए अलग से ऑप्शन नहीं खुला। हालांकि कम्प्यूटर पर अलग से फैमिली आईडी का ऑप्शन तो है, लेकिन उस पर अलग फैमिली आईडी का डाटा अपलोड नहीं हो पा रहा है।

### अपलोड नहीं करने से बढ़ा मर्ज

बताते हैं कि फैमिली आईडी को दुरुस्त तो करवा लिया जाता है, लेकिन उसको दोबारा से अपलोड नहीं करवाया जाता है। जब उपभोक्ता सीएससी सेंटर पर सारी प्रक्रिया पूरी करवाने के बाद अपडेट करवाता है तो उस वक्त सेंटर संचालक उसको एक प्रिंट आऊट निकालकर दे देता है। उस प्रिंट आऊट पर उपभोक्ता को साइन करने होते हैं और उसके बाद वह फिर से अपलोड करवानी होती है। दोबारा अपलोड होने के बाद ही फैमिली आईडी अपडेट मानी जाती है, लेकिन कई बाद उपभोक्ता इस बात का ध्यान ही नहीं देते। जो परेशानी का कारण बन जाते हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे लाखों रुपये

- पीड़ित ने रोष जाहिर करते हुए थाना प्रभारी से लेकर सिविज सर्जन व सीएम को दी शिकायत
- रुपये मांगने पर जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा कस्बा में कौशल योजना के तहत लगे दो कर्मचारियों द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपये हड़प लिए व रूपये वापस मांगने पर धमकी दी है, जिसको लेकर पीड़ित व उसके नजदीकियों ने रोष जाहिर करते हुए थाना कार्यालय सहित सिविल सर्जन, एसपी, मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को शिकायत की। वहीं भिवानी के सिविल सर्जन ने शिकायत आने पर जांच का भरोसा देकर कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही।

भतीजे व भाई को लगवाने के लिए 2.40 लाख रुपये बवानी खेड़ा के वार्ड 15 निवासी रघबीर पुत्र हजारी ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता हूं और उसका बवानी खेड़ा में एक दुकान पर दो व्यक्तियों से संपर्क हुआ और उन्होंने बताया वे चाचा भतीजा है और वे पहले ठेकेदार प्रथा पर सामान्य अस्पताल बवानी खेड़ा में सिक्योरिटी गार्ड लगे थे और अब कौशल में कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा पीड़ित को भी स्वयं लगने या किसी को लगवाने की बात कही तो मेरे द्वारा मेरे भाई के बेटे व चाचा के पुत्र को लगवाने के नाम पर इनके द्वारा 11 अक्तूबर 2022 को 2.40 लाख रुपये लिए और इनके द्वारा मेरे भतीजे व चाचा के बेटे को नहीं लगवाया तो मेरे द्वारा रुपयों की वापस की मांग की तो इनके द्वारा बार बार चक्कर कटवाकर वर्ष 2023 में मुझे केवल 32 हजार रुपये दिए और बाकी के 2.08 लाख रुपये बाद में किस्तों में देने की बात कही। इतना समय बीत जाने पश्चात भी इनके द्वारा रुपये नहीं दिए और अब इनके द्वारा रुपये देने से साफ इनकार कर दिया है।

### मोबाइल नंबर किया ब्लॉक, दी धमकी

पीड़ित ने बताया कि इनसे रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है व अब मोबाइल भी ब्लॉक कर दिया है। ऐसा लगता है कि इनका पूरा गैंग है जो ऐसा कार्य करके लोगों को गुमराह करके लोगों से रूपया ऐंठने का कार्य कर रहा है।

### जांच करेंगे

इस मामले को लेकर भिवानी सीएमओ रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि ये मामला उनकी जानकारी में नहीं है, शिकायत प्राप्त होने पर जांच की जाएगी और कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।



**तोशाम।** पंचमढ़ी के लिए छात्राओं का दल रवाना होने से पहले बस अड्डे पर मौजूद।

# 28 स्कूली छात्राओं का दल पंचमढ़ी के लिए रवाना

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना के तहत रवाना
- प्राचार्य सुनील जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- आगामी 19 जून तक कैंप में रहेगा कैंप में रहेगा दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तोशाम की 28 छात्राओं व दो अध्यापिकाओं का दल शुक्रवार सुबह मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी के लिए रवाना हुआ। इस दल में शामिल सभी 28 छात्राओं में अध्यापिका चंद्र किरण तथा रेनू को सुबह 5 बजे प्राचार्य सुनील जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी में आगामी 19 जून तक रहेगा। इस दौरान छात्राएं कैंप में विभिन्न गतिविधियों जैसे ट्रैकिंग, जिपलाइन,स्काई साइकलिंग, रॉक क्लाइंबिंग, वेली क्रॉसिंग, राइफल शूटिंग, पिस्टल शूटिंग, नाव चलाना, घोड़ा दौड़, स्काउट एंड गाइड, कलचर व हेरिटिंग की पढ़ाई, पर्यावरण संरक्षण, फोक डांस आदि में भागीदारी करेंगी। इस मौके पर सभी अभिभावकों ने कैंप की तैयारी करवाने में मुख्य योगदान देने वाले अधिकारियों संतोष नागर, विजय सांगवान, विवेक अदलका की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे बच्चों को मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी तक लेकर जाना और उनका ज्ञानवर्धन करवाना काबिले तारीफ है। इस मौके पर विद्यालय की छात्रावास की वार्डन सुंदरी देवी, कृष्ण कुमार आदि सहित अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

# किसानों की 28 करोड़ 25 लाख के करीब पेमेंट अटकी

- अधिवक्ताओं ने मांगपत्र सौंपकर की सरकारी एजेंसी द्वारा खरीदी गई सरसों का उठान करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एक तरफ तो सरकार फसल खरीद के 72 घंटों में किसानों के खातों में रुपये भेजने का दावा कर खूब वाहवाही बटोरने का काम करती है। वही दूसरी तरफ सरकारी एजेंसी द्वारा दो माह पहले खरीदी गई सरसों की फसल की करीबन 28 करोड़ 25 लाख रुपये का भुगतान अटका पड़ा है, जिसकी तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पहले से घाटे की मार झेल रहे किसानों को और परेशानी के भंवर में न फंसाते हुए उनकी अटकी हुई राशि का जल्द भुगतान करवाया जाए। यह बात अधिवक्ता प्रिया लेघां ने सरकारी एजेंसी एचएसडब्ल्यू द्वारा खरीदी गई सरसों का जल्द उठान करवाने व किसानों की 2 माह से अटकी 28 करोड़ 25 लाख रुपये के करीब की राशि का भुगतान करवाने की मांग का मांगपत्र सीटीएम को सौंपते हुए कही। उन्होने कहा कि सरकार मंडियों में सरसों की खरीद एमएसपी पर किए जाने की बात कही गई थी, जिसके लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवाया तथा अपनी सरसों को मंडियों में आढ़तियों के पास दो माह पहले ही डाल दी। उन्होंने कहा कि भिवानी जिला की विभिन्न मंडियों से करीबन 50 हजार क्विंटल सरसों का उठान एचएसडब्ल्यूसी एजेंसी द्वारा किया जाना बाकी। जिसके तहत किसानों की सरसों की फसल मंडी में पड़ी है तथा उनकी पेमेंट भी बकाया है। उन्होंने बताया कि आढ़तियों द्वारा मीटिंग कर गेटपासों को रद कर किसानों का भुगतान स्वयं किए जाने का निर्णय लिया है। यदि ये गेट पास रद होते हैं तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की फसल का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर नहीं होगा तो उन्हे खासा नुकसान उठाना पड़ेगा। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने मांग की कि गेटपास व जे.फॉर्म को रद करने की बजाए जल्द से जल्द सरसों का उठान करवाया जाए। गौरतलब होगा कि ऐसा पहली बार देखने में आ रहा कि जिस सरसों की बोली लग चुकी है, उस बोली को रद किया जा रहा है, जो कि किसान हित में नहीं है।



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अधिवक्ता आनंद, अधिवक्ता सुनीता, अधिवक्ता कंचन, अधिवक्ता अमन प्रताप, प्रीति सोनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

### लोहारू में बूंदाबांदी के बाद मौसम खुशगवार

**लोहारू।** शुक्रवार को दोपहर बाद लोहारू और आसपास के इलाके में मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ रुक रुककर बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी के बाद जहां लोगों को एक सप्ताह से पड़ रही बदन झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिली। बता दें कि दोपहर में अचानक मौसम में परिवर्तन होने के साथ तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया और बाद में बूंदाबांदी शुरू हो गई। शहर की सड़कें बरसाती पानी से तरबतर हो गई। हालांकि लोगों को गर्मी से जरूर राहत मिली लेकर बाद में उमस भरी गर्मी ने परेशान किया। तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी ठप हो गई।

# मांगों को लेकर एमपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

नौरंगाबास जाटान के ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मबीर से मुलाकात की गई। पूर्व सैनिक समाज सेवी बलबीर सिंह मलिक की अगुवाई में सभी उनसे मिले व उनके गांवों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए प्रार्थना पत्र सौंप कर जल्द से जल्द परेशानियों को हल करवाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा उनके गांव में पेयजल एक बहुत बडी समस्या बना हुआ है, भूमिगत पानी या तो बहुत गहरे चला गया है या फिर अगर कही है तो वो खारा है, इसके चलते सरकार द्वारा वाटर रिचार्ज सिस्टम को जल्द से जल्द आरंभ करवाने की बात कही गई थी। लेकिन आज दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस योजना को धरातल पर लागू नहीं किया गया है जिसके चलते ग्रामीणों के अनेक परेशानियों का हल हो सकता है। पेयजल की किल्लत के चलते इस समय पानी के भयंकर संकट का सामना ग्रामीण कर रहे हैं। अगर वाटर रिचार्ज सिस्टम को जल्द चालू कर दिया जाए तो समस्याओं का हल हो सकता है। इसके आरंभ हो जाने से भूमिगत जल स्तर उंचा हो जाएगा व पानी धरती में जाने से खारे पानी की समस्या भी खत्म हो जाएगी।



**भिवानी।** सांसद धर्मबीर सिंह से मिलते लोग। फोटो : हरिभूमि

## दो लाइनमैन पर मनमानी के आरोप लगाए, बदलने की मांग की

# रामबास के किसानों ने झोझू बिजलीघर में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव रामबास के किसानों में बिजली लाइन सुचारू रूप से नहीं चलने के कारण बनी बिजली किल्लत को लेकर रोष बना हुआ है। शुक्रवार को किसान पहले गांव में एकत्रित हुए व उसके बाद झोझू कलां बिजलीघर पहुंचे जहां उन्होंने धरना देकर रोष जताया। इस दौरान उन्होंने लाइनमैन पर भी मनमानी करने व उनकी समस्या नहीं सुनने के आरोप लगाए हैं। किसानों ने बिजली किल्लत दूर करने व लाइनमैन को बदलने की मांग की है। बिजली निगम के अधिकारियों ने किसानों को मंगलवार तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया जिसके बाद वे शांत हुए और धरने से उठकर गांव लौट गए। बता दे कि झोझू कलां बिजलीघर पहुंचे रामबास निवासी नवीन ढिल्लों, राजेंद्र सिंह नंबरदार, नफे सिंह, चंद्रवेश, पवन कुमार, सुमित कुमार, नृपेंद्र, सोमबीर, सतेंद्र सिंह आदि ने कहा कि उनके खेतों में बिजली आपूर्ति की लाइन चंदेनी भी सुचारू रूप से नहीं चलने के कारण उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लाइन सही ढंग से नहीं चलने के कारण खेतों में कपास, ज्वार, बाजरा व सब्जियों की फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। जिससे भीषण गर्मी के मौसम में फसलें खराब हो रही हैं। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस लाइन पर तैनात दो लाइनमैन हैं लेकिन वे उनकी बात नहीं सुनते और अपनी मनमानी करते हैं। उन्होंने बताया कि जब भी लाइन में फाल्ट होने पर फोन करते हैं तो कभी फोन नहीं उठाते तो कभी कहते हैं कि उनकी ड्यूटी शाम पांच बजे ही तक ही है। किसानों ने बताया कि लाइन के फाल्ट को ठीक करने की बजाय लाइन के मेन जंपर काट दिए जाते हैं जिसके चलते इस दौरान उनका सिंचाई कार्य बाधित रहता है। किसानों ने बिजलीघर में धरना देकर रोष जताते हुए बिजली लाइन को सुचारू रूप से चालू करने व दोनों लाइनमैन को बदलने को मांग की है। बिजली निगम के एसडीओ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आगामी मंगलवार तक उनकी समस्या का समाधान कर बिजली लाइन को सुचारू रूप से चालू करवा दिया जाएगा। वहीं किसानों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आगामी कड़ा कदम उठाने की चेतावनी दी है।




**बाढड़ा।** मांगों को लेकर पॉवर हाऊस के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# बंद घर में घुसकर की लाखों की चोरी

- विधवा महिला ने चोरी करने वालों के नाम की दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा कस्बा में चोरों ने बंद मकान में घुसकर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक के घर वापिस आने पर देखा तो लाखों का सामान चोरी पाया गया। मकान मालिक को दो लोगों ने पहले ही उसके मकान को खाली करने की धमकी दी थी। मकान मालिक ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत देकर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सामान वापस दिलवाने की गुहार लगाई। बवानी खेड़ा के वार्ड 13 निवासी सविता ने बताया कि वह 10 जून को अपनी बेटी के पास सिरसा गई हुई थी और 13 जून वीरवार को शाम 6 बजे घर आई और देखा तो घर में इंटर्वटर, बैटरी, 32 इंची एलसीडी, 2 गैंस सिलेंडर, 2 सोने की टूम जिसमें एक नाथ, एक टीका, पानी की मोटर, 60 हजार रुपये नकदी आदि सामान चोरी पाया गया। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग दो लाख रुपये है। महिला ने बताया कि दरवाजों पर लगे ताले नहीं टूटे तो चोरों के द्वारा आरी से काटकर चोरी की है। चोरों ने बैटरी के तेजाब को भी वहीं गिरा दिया व मकान की बिजली की तारें भी काट डाली। महिला ने बताया कि चोरी बवानी खेड़ा के वार्ड 13 के रहने वाले दो व्यक्तियों के द्वारा ही की है। हमें धमकी दी हुई थी की तुम्हारे घर को खाली कर देंगे और हमारा नाम लिया तो तुम्हें जान से मार देंगे। दूसरी तरफ थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि चोरी का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा मामला है तो मामले की जांच तह तक जाकर की जाएगी और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



**बवानीखेड़ा।** चोरी के दौरान मकान के दरवाजे की टूटी पड़ी कुंडी।



घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।



मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर कीइन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

## वित्त और ऋण संबंधी मामलों को संभालना इसका काम

# हर कंपनी को चाहिए फाइनेंस मैनेजर, आप भी यह कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में हम अपने आसपास जितने भी बड़ी-बड़ी कंपनियां देख रहे हैं। उनमें फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कई कर्मचारी कार्यरत होते हैं। फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हर डिपार्टमेंट और हर कंपनी के लिए होती है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी को फाइनेंस के तौर पर मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी कंपनी में एक फाइनेंस मैनेजर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कंपनी का सारा लेखा-जोखा फाइनेंस मैनेजर ही संभालता है। फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में कई लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का पूरा प्रयास करेंगे।



### क्या होता है फाइनेंस मैनेजर

किसी भी कंपनी के अंदर पैसों की लेनदेन और ट्रांजेक्शन की निगरानी के लिए काम करने वाला व्यक्ति फाइनेंस मैनेजर कहलाता है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी में रहते हुए कंपनी को अधिक से अधिक मुनाफा कैसे हो इसके बारे में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ कंपनी के खर्चों और कंपनी की जिम्मेदारियों को भी महत्व पूर्ण तरीके से निभाता है।

### कर्ज से बाहर निकालने में मदद करता

*फाइनेंस मैनेजर कंपनी के लिए इसलिए अनिवार्य माना जाता है क्योंकि फाइनेंस मैनेजर जो कंपनी से ज्यादा कर्ज में डूबने पर उसे बाहर निकालने में मदद करता है या फिर कंपनी को अधिक मुनाफा कमाने में भी अपनी मदद करता है। जिस प्रकार से बीबीए डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस आइडिया दान करके कंपनी को बिजनेस में सफल बनाते हैं। उसी प्रकार से फाइनेंस मैनेजर फाइनेंसियल मैनेजमेंट करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी कंपनी के मालिक को देते हैं और जिस से कंपनी का फाइनेंशियल मैनेजमेंट नियत रहता है।*

## महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी पूर्ण जॉब



### फाइनेंस मैनेजर बनने के तरीके

*फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए किसी भी एक तरीके में बंद कर पढ़ाई करना या आगे बढ़ना कोई जरूरी नहीं है। फाइनेंस मैनेजर बनने के कुल 3 तरीके के बारे में नीचे जानकारी दे रहे हैं। आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी एक तरीके का चयन करते हुए फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं जो कुछ इस प्रकार से हैं।*

***पहला तरीका :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है और उसके पश्चात मास्टर ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है। ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन डिग्री के लिए होने वाले एग्जाम में भी आवेदन कर सकते हैं। इन एंट्रेंस एग्जाम के जरिए आपको भारत के टॉप फाइनेंस मैनेजर बनने के कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।*

***दूसरा तरीका :*** *बारहवीं कक्षा पास करने के बाद बी. कॉम की डिग्री लेकर बैचलर इन फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनालिसिस की डिग्री ले सकते हैं, या फिर सीए फाउंडेशन बी- ईकॉन की डिग्री लेकर मास्टर इन फाइनेंस कंट्रोल की डिग्री प्राप्त करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हासिल कर सकते हैं।*

***तीसरा तरीका :*** *विज्ञान वर्ग से 12वीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थी बीए इन इकोनामिक या बिजनेस इकोनॉमिक्स की डिग्री लेते हुए या फिर बीएससी मैथमेटिक्स से ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट के तहत मास्टर फाइनेंस कंट्रोल का कोर्स कर सकते हैं और इसके जरिए फाइनेंस मैनेजर पद तक पहुंच सकते हैं।*

### कितनी मिलती सैलरी

*हर उम्मीदवार के दिमाग में हमेशा आपसे एक ही बात चलती है, कि इस पद पर कार्यरत रहते हुए मुझे कितनी सैलरी मिल सकती है। उसी प्रकार के फाइनेंस मैनेजर का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के मन में भी यही सवाल पैदा होते रहते हैं। कि आखिरी पड़ाव पर फाइनेंस मैनेजर बनने के बाद हमें कितनी सैलरी मिल जाएगी। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें, तो फाइनेंस मैनेजर की सैलरी उसके ऑर्गेनाइजेशन पर पूरी तरह से निर्भर करती है। क्योंकि फाइनेंस मैनेजर के लिए सरकारी पद ना के बराबर होते हैं। फाइनेंस मैनेजर अपनी स्कील और एक्सपीरियंस के साथ-साथ ऑर्गनाइजेशन के आधार पर अच्छा पैसा कमा सकता है। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें तो यहां 400000 से लेकर 1800000 तक की सैलरी प्रति वर्ष आराम से कमा सकते हैं। इससे ज्यादा भी आपको कमाने का मौका मिल सकता है।*



### कैसे बने फाइनेंस मैनेजर

*आज के समय में फाइनेंस मैनेजर बनने और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों की डिमांड बाजार में बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हर कंपनी के लिए फाइनेंस मैनेजर का होना अनिवार्य माना जा रहा है। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करना होगा। इन चरणों को फॉलो करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर बनने तक का सफर पूरा कर सकते हैं।*

***12वीं कक्षा उत्तीर्ण करें :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको सर्वप्रथम 12वीं कक्षा पास करनी है। जो विद्यार्थी सेकेंडरी स्कूल पूरी करने के बाद 12वीं कक्षा में एडमिशन ले रहा है। उन विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग के साथ मारी कक्षा उत्तीर्ण करनी है।*

***बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अब विद्यार्थियों को आगे ग्रेजुएशन की डिग्री के लिए बैचलर बिजनेस ऑफ एडमिनिस्टर की डिग्री में अपना आवेदन करना होगा। बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्टर की डिग्री लेने के लिए आपको कॉलेज लेवल पर होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेना होगा या फिर आप अपने बारहवीं कक्षा के अंक के आधार पर भी डायरेक्ट बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री में आवेदन ले सकते हैं।*

***मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी होने के पश्चात आपको अगले चरण के तौर पर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेनी होगी। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा व डिग्री के माध्यम से भी फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए बीबीए और एमबीए करने की बजाय आप फाइनेंसियल कंट्रोल पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा ले सकते हैं। जो 2 साल का होता है। इस डिप्लोमा को लेने के बाद इंटरव्यू के आधार पर आपको फाइनेंस मैनेजर बनने का मौका मिल जाता है।*

### कोर्स करवाने वाले टॉप कॉलेज

भारत में आबादी के आधार पर बहुत सारे कॉलेज अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा के लिए मौजूद है। लेकिन जब फाइनेंस मैनेजर कोर्स कराने वाले टॉप कॉलेज का नाम आता है। तो कुछ कॉलेज के नाम हमारे सामने आते हैं। जिसकी जानकारी हम नीचे आपको प्रदान करवा रहे हैं।

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़,
- एआईएमए (सेंटर फोर मैनेजमेंट एजुकेशन),
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईबीएमआर आईपीएस)
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
- एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट बेंगलुरु,
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट ऑफ़ इंडिया,
- इंदिरा गांधी नेशनल ओप्रण यूनिवर्सिटी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट पुने
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लखनऊ
- आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- डिपार्टमेंट ऑफ़ बैंक मैनेजमेंट अलगप्पा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट तमिलनाडु, आदि।

### फाइनेंस मैनेजर के लिए नौकरियां

- मैनेजर इन डायरेक्ट
- डायरेक्ट टैक्सेशन
- बिज़नेस मैनेजर
- कमर्शियल मैनेजर
- मैनेजर इंचार्ज कास्टिंग
- टेजेरी मैनेजर नेशनल एंड इंटरनेशनल बैंक्स
- कॉर्पोरेट और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स
- मैनेजर ट्रेस्यूरर
- कंट्रोलर्स
- ट्रेस्युरी मैनेजर्स
- मर्चेंट बैंकर्स,
- क्रेडिट मैनेजर्स
- कैश मैनेजर्स

# युवा पीढ़ी एआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से एक नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, और स्मार्ट शहरों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और सुधार के लिए कर रहे हैं। युवा उद्यमी व शोधकर्ता एआई आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं जो कृषि में उत्पादन बढ़ाने, चिकित्सा निदान को सरल बनाने में सहायक हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग कर वे सटीक मौसम पूर्वानुमान और स्मार्ट खेती तकनीकों को लागू कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है। इसके अलावा, स्मार्ट शहर परियोजनाओं में एआई-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन और ऊर्जा बचत उपायों से शहरी जीवन को अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

## देश की समृद्धि और प्रगति में बड़ी भूमिका

इस तरह, युवा भारत को डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को अपने नवाचारों का केंद्र बना रहे हैं, जो देश की समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई आज के समय में एक शक्तिशाली उपकरण बनकर उभरी है, जिसका सही और संतुलित उपयोग हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। एआई की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हैं। शिक्षा में, एआई द्वारा संचालित व्यक्तिगत शिक्षण ऐप्स छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एआई-आधारित फिटनेस ट्रैकर्स और मानसिक स्वास्थ्य ऐप्स व्यक्तिगत स्वास्थ्य निगरानी और त्वरित थैरेपी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार होता है। एआई के उपयोग से डेटा विश्लेषण और प्रोग्रामिंग जैसे व्यावसायिक कौशलों को विकसित करने के अवसर मिलते हैं, जो युवाओं को भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प प्रदान कर सकते हैं। एआई चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट कार्यों को स्वचालित और सरल बनाते हैं, जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। इसके अलावा, एआई का उपयोग समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान, जैसे कि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम एआई का उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करें, इसके खतरों और सीमाओं को समझते हुए सकारात्मक उपयोग को प्राथमिकता दें। एआईकी क्षमता को अच्छे कार्यों में लगाकर हम व्यक्तिगत और सामूहिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। एआई ने आधुनिक समाज में क्रांति ला दी है, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन, और संचार से लेकर व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के कई पहलू शामिल हैं। हालांकि, इसका गहरा असर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर भी पड़ रहा है। एआई की बढ़ती उपस्थिति ने युवाओं को नई चुनौतियों और अवसरों से सामना करवाया है। यह निबंध एआई के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर प्रभावों को समझाने और उनसे निपटने के उपायों पर केंद्रित है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

एआई द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और टिक टॉक उपयोगकर्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत और सामाजिक तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे युवाओं में ईर्ष्या, आत्म-सम्मान की कमी, और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार दूसरों की "संपूर्ण" छवि और उपलब्धियों को देखते हुए, युवा अपनी वास्तविकता से असंतुष्ट हो जाते हैं।

एआई तकनीक के उपयोग से युवाओं में डिजिटल थकान बढ़ रही है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक थकान, ध्यान की कमी, और नींद की समस्याओं का कारण बनती है। एआई आधारित नोटिफिकेशन और अलर्ट लगातार ध्यान भंग करते हैं, जिससे मानसिक शांति और फोकस की कमी होती है।

एआई द्वारा संचालित डेटा संग्रह और विश्लेषण से युवाओं में गोपनीयता की चिंता बढ़ गई है। उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगने और निजी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की आशंका मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना को जन्म देती है। एआई चैटबॉट्स और आभासी सहायक जैसे कि सिरी, अलेक्सा, और गूगल असिस्टेंट ने संवाद के तरीके को बदल दिया है। यद्यपि ये उपकरण उपयोगी हो सकते हैं, परन्तु वास्तविक मानवीय बातचीत की जगह इन्हें प्राथमिकता देने से सामाजिक अलगाव और व्यवहारिक असामान्यताएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई द्वारा संचालित सेवाओं ने तुरंत संतोष की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जैसे कि एआई आधारित शॉपिंग सिफारिशें, फूड डिलीवरी, और मनोरंजन विकल्प, युवा जल्दी और आसानी से संतुष्टि पाने की आदत में पड़ सकते हैं। इससे धैर्य की कमी और इच्छाओं को त्वरित रूप से पूरा करने की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। एआई संचालित मनोरंजन और सोशल मीडिया के अल्गोरिदम युवाओं को स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी

(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है

(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी

(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -

(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है

(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी

(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है

(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -

(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?

(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

**खबर संक्षेप**

### बारिश ने गर्मी से दिलाई कुछ राहत

**कनीना।** कनीना-गुढ़ा व आसपास के गांवों में वीरवार मध्यरात्रि तेज हवा के बीच हुई बारिश ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई है। रात्रि ढाई बजे बादलों की गरजना के बीच राहत की बारिश होने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। प्री-मानसून की इस बारिश के बाद किसानों ने खेतों में जुताई कार्य शुरू कर दिया। अच्छी बारिश होने के बाद बाजरा, मूंग, ग्वार फसल की बिजाई की जाएगी। बारिश शुरू होने पर 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन गुढ़ा की बिजली सप्लाई गुल हो गई। कृषि विभाग के एडीओ डा. विकास कुमार ने बताया कि 22 जून से प्री-मानसून की अच्छी बारिश होने की उम्मीद है।

### कनीना में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कनीना।** शहर के वार्ड नंबर चार में रहने वाले किरायेदार की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला के गांव गजसिजारी वासी परमाल ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात्रि के समय बाइक को घर के सामने खड़ी करके सोया था। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

### पीरआगा में जागरण आज

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार रात को मोहल्ला पीरआगा निचर श्रीश्याम मंदिर के पास जागरण किया जाएगा। इस बारे में अविनाश अग्रवाल ने बताया कि जागरण की अध्यक्षता श्री बांके बिहारी भगवान करेंगे। जिसमें मुख्य यजमान पुरुषोत्तम दास सैनी होंगे।

### बाबा जयराम दास मंदिर में जागरण 17 को

**नारनौल।** बाबा जयराम दास मंदिर पाली में 17 जून रात्रि आठ बजे से प्रभु इच्छा तक संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आचार्य श्रद्धेय पं. बजरंग शास्त्री भक्तों को अमृत रस का पान करवाएंगे। पाली मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों व कार्यकारिणी ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि धर्म प्रेमी भजनों का आनंद लें।

### रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस

# रेडक्रॉस सोसायटी ने युवाओं से रक्तदान करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं डीसी नरेश नरवाल एवं सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार हुड्डा के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन में विश्व रक्तादात दिवस मनाया गया। यह रक्तदान के अवसर पर आरसीआईटी कंप्यूटर सेंटर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्या प्रो. अन्नू बल्हारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने रैली निकलकर लोगों को रक्तदान करने को प्रेरित किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को स्वास्थ्य विभाग से रक्तकोष प्रभारी डॉ. मोनिका सांगवान ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के उपाधीक्षक जयभगवान ने बताया कि आज का दिन पूरे संसार में विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन रक्तदान मुहिम में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं व रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदाता अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहभागियों और जनता को नियमित रक्तदान करने बारे जागरूक किया जाए ताकि समय पर उसका सही उपयोग हो सकें। रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई भी दान नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि जब भी रक्त की आवश्यकता किसी भी घायल या जरूरतमंद व्यक्ति को होगी तो बिना किसी लोभ, लालच, जाति धर्मए भेदभाव से मुक्त होकर रक्तदान अवश्य करें। इस अवसर पर सभी युवाओं को नियमित नियमानुसार रक्तदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, लिपिक सीमा, जोगिंद्र सहरावत, केशव, रक्तकोष टीम से शर्मिला व इसवंती के अलावा जोगिंद्र कौशिक, सीमा, नियमित रक्तदाता राजू डुडेजा सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।







भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए तथा रक्तदाता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राज्यपाल ने ओम प्रकाश को किया सम्मानित

**भिवानी।** विश्व रक्तदान दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ द्वारा अंबाला में महिला रक्तदाता एवं सेवा संस्थान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तारेय एक कदम रोशनी की ओर सेवा समिति के रक्त प्रभारी औमप्रकाश सैनी को रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया। औमप्रकाश सैनी ने कहा कि उन्हें जो मान.सम्मान दिया है उसके वे सदा आभारी रहेंगे तथा आगे भी इसी प्रकार से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। इसके साथ.साथ उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे रक्तदान के क्षेत्र में आगे आएं ताकि किसी भी अस्पताल व ब्लड बैंक में रक्त की कमी न रहे। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी के जीवन के बचा सकता है।

### शिविर में 38 युवाओं ने किया रक्तदान

- रक्तदान दिवस की पर वंशिका फाउंडेशन व स्वर्णकार सेवा परिषद ने लगाया शिविर

**भिवानी।** रक्तदान को ऐसे ही महादान नहीं कहा जाता। रक्त ऐसी चीज है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। गंभीर बीमारी या दुर्घटना में रक्त की कमी और समय से रक्त ना मिलने से भारत में 30 प्रतिशत लोगों की मौत हो जाती है। इस कमी को मात्र एक प्रतिशत आबादी ही पूरा कर सकती है। लेकिन इसके बावजूद भी विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत रक्तदान में काफी पीछे है। ऐसे में लोगों को रक्तदान की महत्ता से अवगत करवाने व रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को वंशिका फाउंडेशन व स्वर्णकार सेवा परिषद् भिवानी द्वारा चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 38 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजक रक्तवीर मनीष वर्मा व आरती सोनी ने कहा कि रक्तदान करने से ना केवल किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती हैए अपितु रक्तदान करने से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। शतकवीर रक्तवीर राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक कार्य है। इससे ना केवल जरूरतमंद की जान बच सकती हैए अपितु मन को भी शांति मिलती है। हमें नियमित समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. मोनिका सांगवान, अधिवक्ता वेदप्रिय सोनी, राकेश आर्य किसान नेता, शशि प्रजापति, अतुल सोनी, साधु राम सोनी, धर्मेंद्र रोहिल्ला, महिपाल, धर्मेंद्र, मास्टर अनील कुमार, मास्टर रमेश लोग मौजूद रहे।

### रक्तदान अवश्य करें और इस नेक कार्य में अपना योगदान दें : विक्रम

**बवानीखेड़ा।** प्रेम शांति वेलफेयर सोसायटी एक गैर.लाभकारी संगठन है जो समाज में विभिन्न सामाजिकए शैक्षिक, और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर काम करती है। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसी कड़ी में सोसायटी के उप.प्रधान विक्रम ईटकान ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सभी रक्तदाताओं को बधाई दी और समाज के सभी सदस्यों से रक्तदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने आगे कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी समय, किसी भी व्यक्ति को हो सकती है और हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी के जीवन को बचा सकता है। इसलिए मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे रक्तदान अवश्य करें और इस नेक कार्य में अपना योगदान दें। किसी भी दुर्घटना में अगर हमारे शरीर का कोई अंग खराब हो जाता है हम अपना कृत्रिम रूप से हाथए कृत्रिम रूप से पैर, कृत्रिम गुर्दे आदि लगवा सकते हैं, लेकिन हम कृत्रिम रूप से रक्त बना कर किसी व्यक्ति में नहीं डाल सकते। इसे केवल एक व्यक्ति से निकाल कर दूसरे व्यक्ति में डाला जा सकता है इसलिए मानव रक्त बहुत ही अमूल्य है। हमारी संस्था के कर्मठ व बहादुर सदस्य जिन्हें मात्रा पता चल किस जगह है किस अस्पताल में खून की जरूरत है वह अपना कोई भी निजी काम छोड़कर रक्त देने के लिए पहुंच जाते हैं हमारी संस्था के सदस्यों ने 200 से 'यादा यूनिट रोहतक हिसार बहादुरगढ़ कुरुक्षेत्र जींद हांसी बरवाला दादरी रेवाड़ी के अस्पतालों में इमरजेंसी मरीजों की मदद की है। संस्था का उद्देश्य रहा है की किसी भी जगह रक्त की वजह से कोई भी जान ले जाए।

## रक्तदाता दिवस पर शिविर में 19 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को झांसी की रानी प्रेरणा समूह और भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कृष्णा ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए झांसी की रानी प्रेरणा एक ग्रुप समूह की ग्रुप की सदस्या खुशबू व स्वेता ने बताया कि रक्तदान शिविर की अध्यक्षता समूह की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका प्रजापति ने की। इस दौरान 19 रक्तवीरों ने रक्तदान किया जिसमें 5 महिलाएं शामिल रही। रक्तदान शिविर में रक्तवीर परिवार की टीम का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान प्रियंका प्रजापति व रक्तवीर परिवार के संयोजक राजेश सोनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान करने के अतिरिक्त इसका कोई विकल्प नहीं है, इसलिए रक्तदान को महादान माना गया है। रक्तदाताओं को बताया कि सड़क दुर्घटनाओंए बीमारियों व अन्य कारणों से मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से खून लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।



चरखी दादरी। रक्तदान शिविर में रक्त देती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## बाढ़ड़ा में लगा शिविर, 51 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

- जुई रोड पर शिविर आयोजित

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य बाढडा के जुई रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अधिवक्ता अजीत दगडौली व दीपेन्द्र खेड़ी बूरा द्वारा की गई। कैंप के दौरान दादरी नगर से रक्तवीर परिवार व भारत विकास परिषद शाखा का योगदान रहा। रिबन काट कर विधिवत रूप से शिविर का शुभारंभ किया गया। कैंप के दौरान दादरी नगर के कृष्णा ब्लड बैंक से आए हुए चिकित्सकों व उनकी टीम द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। कुल मिलाकर 51 यूनिट रक्त का एकत्रण किया गया। रक्तदाताओ को बैज लगाते हुए उनकी हौसला अफजाई की गई व इसके साथ ही उनके बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान युवाओं को रक्तदान के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे आकर कार्य करने के लिए आह्वान किया गया जिससे कि ब्लड डोनेशन को लेकर जो गलत भ्रांतिया बहुत से नागरिकों के दिल व दिमाग में व्याप्त है उन्हें दूर किया जा सके व उन्हें समझाया जा सके कि किस प्रकार उनके द्वारा दान किए गए रक्त की प्रत्येक यूनिट आपातकाल में पडे किसी न किसी जीवन को बचाने में सहयोगी बन सकती है। अधिवक्ता अजीत दगडौली व डाक्टर रीना सिंह ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस पर हर एक जागरूक युवा को यही संकल्प धारण करना चाहिए कि हमारे महान संतों द्वारा हमें जो मानवता के प्रति कार्य करने का मार्ग दिखाया गया है उस पर चलते हुए प्रत्येक प्राणी जगत के लिए अपने हृदय में दया व करूणा का भाव रखकर हमेशा असहायों की सेवा करने का प्रयास करे।

# समाज की नवचेतना को आकार देने में शिक्षक की भूमिका अहम : मनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

- मूलभूत साक्षरता पर कार्यशाला में बोले एसडीएम मनोज कुमार

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि समाज की नवचेतना को आकार एवं दिशा देने में शिक्षक की भूमिका अहम होती है। शिक्षक समाज का दर्पण व निर्माण वाहक है। शिक्षक वह पुंज है जो अज्ञान के तमस को मिटाकर जीवन में ज्ञान की ज्योति प्रज्जवलित करता है। एसडीएम शुक्रवार को वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता को लेकर आयोजित कार्यशाला में उपमंडल तोशाम के अंतर्गत तोशाम व कैरू खंड से उपस्थित प्राचार्य, एबीआरसीए बीआरपी को सम्बोधित कर रहे थे। एसडीएम ने शिक्षकों के लिए संक्रमण काल बताते हुए चिंता प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षक की सही पहचान धूमिल होती जा रही है। लोगों की शिक्षक के प्रति गलत अवधारणा बन रही है।उन्होंने कहा कि शिक्षक जैसे महत्वपूर्ण वर्ग को काल का ग्रास लग गया है। विगत सालों में घटित कई घटनाओं ने शिक्षक वर्ग पर प्रश्नचिन्ह लगाए हैं। ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। शिक्षक को ओर मजबूती से काम करना होगा।



तोशाम। कार्यशाला को संबोधित करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षक की प्रेरणा और ज्ञान से पत्थर पारस बनते

एसडीएम ने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षक की प्रेरणा और ज्ञान से पत्थर पारस बने हैं। शिक्षक केवल किताबी शिक्षा ही नहीं देता अपितु जिंदगी जीने की कला सिखाने का भी काम करता है। हमारा देश सदैव से ही शिक्षकों की खान रहा है। इस देश में कई शिक्षक ऐसे हुए जिन्होंने अपनी शिक्षण कला के माध्यम से नगीने तैयार कर अपना गौरव बढ़ाया है। एसडीएम ने शिक्षकों का आहवान किया कि समाज में गिरते नैतिक स्तर को उठाने में अपना योगदान दें। बीआरपी सत्यवान ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। आयोजित कार्यशाला के समन्वयक ललित कुमार ने कहा कि सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि देश के सभी सरकारी स्कूलों की बाल वाटिका से कक्षा पांचवीं तक पढने वाले प्रत्येक बच्चे को उसके कक्षा अनुसार निर्धारित कौशल में निपुण बनाना है। इस मौके पर तोशाम खंड शिक्षा अधिकारी राजसिंह व कैरू से अनिल कुमार, विजय कुमार, प्राचार्य सुनील जैन, प्राचार्य सुदेश कुमार यादव, प्राचार्य भगत सिंह, प्राचार्य युद्धवीर सिंह, प्राचार्य रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

# तोशाम मेरा घर है, लोगों की सेवा करना मेरा कर्तव्य : किरण

- लोकसभा चुनाव में टिकटों का वितरण सही नहीं हुआ, श्रुति चौधरी को टिकट दिया जाता तो निश्चित तौर पर श्रुति भारी मतों से विजयी होती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

तोशाम मेरा घर है यहां के लोगों की सेवा करना मेरा कर्तव्य है। उक्त शब्द तोशाम से विधायिका किरण चौधरी ने ईशरवाल में एक दुकान के शुभारंभ पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका फूल.माला, भेंटकर व पगड़ी पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। किरण चौधरी ने कहा कि आगमी विधानसभा चुनाव तोशाम विधानसभा से ही लड़ा जाएगा। तोशाम हलके के लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं इनकी सेवा करना मेरा धर्म है। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा की वास्तव में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी में टिकटों का वितरण सही तरीके से नहीं किया गया भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से श्रुति चौधरी को कांग्रेस का टिकट दिया जाता है तो निश्चित तौर पर श्रुति भारी मतों से विजयी होती बाकी टिकट भी ईमानदार और मेहनती लोगों को दी जाती तो जरूर 10 लोकसभा सीट कांग्रेस व गठबंधन की होती। उन्होंने कुमारी शैलजा के बयान की पूरी तरह तरफ दारी करते हुए कहां की वे बहुत ही अनुभवी नेता है और उन्होंने बिल्कुल सही आकलन किया है अगर कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री की दावेदारी प्रस्तुत कर रही हैं तो हम पूरी तरह उनके साथ हैं ।



तोशाम। एकत्रित लोगों को संबोधित करती किरण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### अपने क्षेत्र से हार गए राव दान सिंह

उन्होंने भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राव दान सिंह पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि दान सिंह को स्वयं अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है वे अपने क्षेत्र से हार गए हैं। हमारे ऊपर इल्जाम लगाने की गलती दान सिंह ना करें । श्रुति चौधरी ने तीन बार लोकसभा चुनाव लड़ा है और तीनों बार महेंद्रगढ़ क्षेत्र से उनकी जमानत जब्त हुई है जबकि दान को तोशाम की जनता ने जमकर वोट दिया है उसके बावजूद जनता सवार्ेपरि है वह जिसे चाहे उसे वोट देगी। उन्होंने भूपेंद्र हुड्डा पर भी अप्रत्यक्ष तौर पर प्रहार किया उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उन्हें टिकट दिलाया था उन्होंने 100 प्रतिशत जीत की गारंटी देकर दान सिंह को टिकट दिलवाई थी उनकी की गारंटी फेल हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह कांग्रेस में बाप. बेटे की राजनीति चलती रही तो कांग्रेस आगे भी अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं कर सकती जब तक वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार किया जाएगा यही सिलसिला जारी रहेगा। इस मौके एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, कुलदीप मनसरबास, रमेश पंघाल, अशोक सिंगला, मनदीप कांटिया, सुनील दहिया डाडम, सुनील पूनियां भारीवास, रॉबिन पंघाल, बीडीसी सदस्य संजय खानक, विनोद हसान, सुनील मनसरबास, कृष्ण झांवरी, प्रवीण दहिया, वजीर डाडम, जेपी हसान, अक्षय ख्यालिया आदि मौजूद थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहमा में 2 माह से आरबीएस स्ट्रिप खत्म

**मंडी अटेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहमा में पिछले दो माह से आरबीएस स्ट्रिप नहीं होने के कारण शुगर की जांच करवाने आए मरीजों को बाहर निजी लैब में टेस्ट करवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे सैकड़ों मरीजों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहमा के प्रभारी का कहना है कि अगले सप्ताह तक आरबीएस स्ट्रिप आ जाएगी। बता दें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहमा के अधीन कुल 28 गांव आते हैं। मरीजों की बात करें तो यहां प्रतिदिन जहां लगभग 20 मरीज जांच करवाने के लिए आते हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि शुगर की जांच नहीं होने से मरीजों को निजी लैब में जांच करवानी पड़ रही है।

# बाजार में शौचालय निर्माण की मांग को लेकर नगर आयुक्त से मिले: फौगाट




चरखी दादरी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

- नगर आयुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने दादरी शहर की कई मांगों और समस्याओं को लेकर नगर परिषद कार्यालय में नगर आयुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर से मुलाकात की। शहर वासियों की समस्याओं को लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने बताया की दादरी शहर की पुरानी अनाज मंडी मुख्य बाजार के बीचों.बीच स्थित है। उन्होंने कहा की पुरानी अनाज मंडी में बने सार्वजनिक शौचालय बहुत ही दयनीय स्थिति में है। इसके अतिरिक्त दादरी शहर के रोहतक चौक से लेकर लोहारू चौक तक मुख्य सड़क पर कोई भी सार्वजनिक शौचालय नहीं बनाया गया है। जिस वजह से बाजार में खरीदारी व अन्य जरूरी कायोंर् के लिए आने वाले नागरिकों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। विशेष कर महिलाओं को ओर भी परेशानी होती है। शहर वासी पिछले लंबे समय से शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर रखरखाव और शहर की पूर्ण मार्केट के सामने आधुनिक सुविधा युक्त शौचालय के निर्माण की मांग करते आ रहें हैं। परंतु नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे। पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने दादरी शहर के पुराने अनाज मंडी चौक पर एक हाई मास्क लाइट लगाने की मांग नगर आयुक्त से की। इसके अतिरिक्त शहर वासियों की फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, सम्मान भत्ता पेंशन जैसी जरूरी मांगों के जल्द समाधान को लेकर भी नगर आयुक्त से विस्तृत चर्चा की। नगर आयुक्त डॉ जयेंद्र छिल्लर ने पूर्व विधायक को भरोसा दिलाया कि जनहित की इन सभी मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएंगी। इस अवसर पर नगर पार्षद प्रतिनिधि मितेश गोयल, शहरी प्रधान राजेंद्र सैनी, पूर्ण मार्केट प्रधान संदीप फौगाट, कुलदीप गांधी, कुलदीप सैनी, जतिन फौगाट, अनिल गांधीनगर, अतुल फौगाट, विनोद मौड़ी इत्यादी उनके साथ थें।

### वासना, नशे या अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहें युवाः मुनिराज

# भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- कथा व्यास मुनिराज महाराज ने भागवत कथा के छठे दिन बताया गौसेवा का महत्व

बैंक कॉलोनी त्रिवेणी रोड़ पर सत्यनारायण टैंट वाली गली में 9 जून से शुरू 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही। कथा के दौरान कथा व्यास अनन्त श्रीविभूषित बृजधाम सिद्ध पीठाधीश्वर भागवत रत्न राष्ट्रीय संत मुनिराज महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए मानव जीवन में श्रीमद् भागवत कथा के महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। इस दौरान कथा व्यास मुनिराज ने श्रद्धालुओं को गाय की सेवा के महत्व व उससे मिलने वाले फलों के बारे में भी बताया। उन्होंने गाय को राष्ट्र माता घोषित करने पर भी विशेष जोर दिया। कथाव्यास ने वृंदावनए महारास और गोपियों के विषय में बोलते हुए कहा कि गोपियां वे कहलाती है, जो अपने मन, कर्म, वचन और सभी इंद्रियों को प्रभु के चरणों में समर्पण भाव से अर्पण करें।



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए।

### अपनी सोच व कार्य को राष्ट्र की प्रगति में लगाएं

महाराज ने युवाओं से आह्वान किया वे वासना, नशे या अन्य किसी गलत राह पर चलने से बने तथा अपनी सोच व कार्य को राष्ट्र की प्रगति में लगाएं तथा ब्रह्मचार्य का विशेष पालन करें। उन्होंने सामाजिक भेदभाव मिटाने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान गिरिराज ने ऊच.नीच के भेद को मिटाकर जनमानस के समक्ष सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण दिया थाए उसी प्रकार नागरिकों को भगवान गिरिराज का सुमिरन करते हुए ऊच.नीच के भेद को मिटाने के लिए कार्य करने चाहिए। उन्होंने बताया कि 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का समापन 16 जून को हवन एवं भंडारे के साथ होगाए जिसमें प्रत्येक जन को निमंत्रण है। इस अवसर पर संयोजक बहादुर सिंह दुहन, 4यू लॉजिस्टिक से नरेश दुहन, रवि दुहन, सत्यनारायण टैंट हाऊस से संजय सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


भिवानी। एक्सपर्ट को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### फोरेंसिक एक्सपर्ट को किया सम्मानित

**भिवानी।** नागरिक अस्पताल भिवानी में कार्यरत फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. गोपाल शर्मा ने चंडीगढ़ में आयोजित वर्कशाप में भाग लिया। वर्कशाप के दौरान उन्होंने फारेंसिक एक्सपर्ट के कार्यों, चिकित्सकों की समस्याओं और अधिकारों के बारे में प्रेजेंटेशन दी। बेहतरीन प्रेजेंटेशन देने पर फारेंसिक एक्सपर्ट डॉ. गोपाल शर्मा को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रणदीप सिंह पूनिया ने सम्मानित किया।

### बिशन सिंह आर्य को किया राज्यपाल ने सम्मानित

**चरखी दादरी।** झोझू कलां निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं वंचित जन जागृति ट्रस्ट के संस्थापक बिशन सिंह आर्य को आज तीसरी बार रक्तदान की क्षेत्र में विशेष सहयोग देने पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ,खेल एवं पर्यावरण मंत्री संजय कुमार की गरिमा में उपस्थिति में राज्य स्तरीय रक्तदान सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

### कबीर जयंती समारोह 21 को, सांसद को निमंत्रण

**भिवानी।** हनुमान गेट स्थित जीतू पतित पावन पाठशाला में 21 जून को संत शिरोमणि कबीरदास जयंती स्वामी जीतू धानक समाज कल्याण सेवा समिति के बैनर तले बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बार जयंती समारोह की विशेष बात यह है कि यह समारोह शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

### रॉकबाल नेशनल स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन

**चरखी दादरी ।** रॉकबाल एमेचर फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 28 से 30 जून तक हिमाचल के ऊना में होगा। चैंपियनशिप को लेकर हरियाणा टीम की ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर फेडरेशन पदाधिकारियों ने मंथन करते हुए जिम्मेदारियों भी लगाई। फेडरेशन के महासचिव भूपेंद्र सांगवान की अध्यक्षता में शुक्रवार को पदाधिकारियों के साथ हुई मीटिंग में नेशनल चैंपियनशिप को लेकर विचार.विमर्श किया गया।

### योग प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्राणायाम पर डाला विस्तार से प्रकाश

# योग दिवस को लेकर योगाचार्यों ने दूसरे दिन करवाया योगा प्रोटोकॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर भीम स्टेडियम में आयुष विभाग के योगाचार्यों द्वारा तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन योग प्रोटोकॉल करवाया। इस योग प्रोटोकॉल में प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ , पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी एवं इच्छुक जनसाधारण ने भाग लिया। योगाभ्यास शिविर में डॉ. हरीश चंद्र, डॉ. निशा योग स्पेशलिस्ट, आयुष विभाग के गजानंद शास्त्री, कविता, मदन ने योगा प्रोटोकॉल करवाया। उन्होंने बताया कि अनुलोम विलोम प्राणायाम जो मानसिक तनाव को कम करता हैए श्वसन संबंधी समस्याओं को दूर करता हैए शरीर को शांति और स्थिरता प्रदान करता है। कपालभाति प्राणायाम यह श्वसन तंत्र को सुधारता है, श्वसन नलियों को साफ करता है, शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम यह मानसिक तनाव को कम करता है, नींद और चिंता को दूर करता है,


भिवानी। भीम स्टेडियम में योगा का अभ्यास करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

मन को शांति और ध्यान में स्थिर करता है। उज्जायी प्राणायाम श्वसन तंत्र को मजबूत करता है,गले के और फेफड़ों के लिए उपयोगी है, मन को स्थिर और सुकूनमय बनाता है। शीतली प्राणायाम शरीर को शीतलता प्रदान करता है, तनाव को कम करता हैए पित्त दोष को शांत करता है तथा प्राण को शुद्ध करता है। इसके अलावा उन्होंने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन आदि का अभ्यास करवाया। योगाचार्य ने योगासन व प्राणायाम के साथ.साथ योगा से होने वाले स्वास्थ्य लाभ की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राणायाम संस्कृत का शब्द है, जो प्राण ;जीवन शक्ति और आयाम ; नियंत्रण या नियमित आदेश दो शब्दों से मिलकर बना है। इसका अर्थ होता है अपने प्राण या श्वास की नियंत्रण विधि या नियमित आदेश करना। प्राणायाम से शारीरिक व मानसिक दोनों तहर का लाभ मिलता है। प्राणायाम श्वास लेने की गति को नियंत्रित करने में मदद करता है और उच्च रक्तचाप, दिल के रोग, और श्वसन संबंधी विकारों को कम करने में मदद कर सकता है। कार्यवाहक जिला आयुर्वेद अधिकारी रश्मि शर्मा एवं योग प्रशिक्षण शिविर में जिला योग कोर्डिनेटर डॉ. संजय वैद ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक भाग लेने का आह्वान करते किया।

## बैठक में दिए अधिकारी ने आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने शुक्रवार को उपमंडल परिसर स्थित अपने कार्यालय में बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तहसीलदार अंकित बैनीवाल को इस कार्यक्रम का ओवरआल इंचार्ज बनाया गया है। बैठक में योग दिवस कार्यक्त्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 21 जून को जिला, उपमंडल स्तर व खंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने शिक्षा विभाग, आयुष विभाग और खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। एसडीएम ने उपमंडल के सभी विभागाध्यक्षों को योग दिवस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी योग दिवस कार्यक्रम में अपने सम्बंधित कर्मचारियों का भाग लेना भी सुनिश्चित कर लें। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ विक्रम सिंह, चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह, बीएलजेएस कॉलेज से जसवंत सिंह व संजय गुप्ता, आयुष विभाग से डॉ. नरेंद्र दलाल व प्रदीप भानखड़, सतेंद्र आर्य सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हनुमान जोहड़ी मंदिर में 27वें दिन भी जारी रही योग एवं ध्यान कक्षाएं

**भिवानी।** युवाओं को योग का महत्व बताते हुए उन्हें योग अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान तथा श्रीहनुमान संजीवनी उपचार केंद्र के निर्देशन में स्थानीय ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में 19 मई से शुरू की गई योग एवं ध्यान कक्षा शुक्रवार को 27वें दिन भी भी जारी रही। इस दौरान योग एवं ध्यान कक्षा में आचार्य राहुल धारेडूए मुस्कान वर्मा, विक्रम, सूरज, सुदेश कुमार, अमित, चंद्रशेखर, भावना योग एवं ध्यान योग क्रियाएं सिखाते हुए उन्हें योग के महत्व से रूबरू करवाया। योग एवं ध्यान कक्षाओं की जानकारी देते हुए महंत चरणदास महाराज ने कहा कि नागरिकों को शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रखने के उद्देश्य से यहां पर रोजाना सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक योग एवं ध्यान कक्षा लगाई जा रही हैए जिसका समापन 20 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि योग शरीर, मन व आत्मा के बीच संतुलन बनाने का काम करता है। जिससे व्यक्ति मन और मस्तिष्क से नकारात्मक विचारों का नाश होता है। इसके साथ ही योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की तनाव भरी भागदौड़ की जिंदगी से मुक्ति का सरल उपाय योग है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट जरूर योग करना चाहिए विशेषकर विद्यार्थियों को योग जरूर अपनाना चाहिएए इससे बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है। जिससे कि वे पढ़ाई व खेल में ओर बेहतर तरीके से अपना ध्यान लगाकर सफलता हासिल कर सकते है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते डीसी मनदीप कौर।

## 84 शिकायतें रखी, 31 का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

■ समाधान शिविरों के माध्यम से समस्याओं से पाएं निजात

नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाएं। यहां एक ही स्थान पर सभी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में त्वरित गति से समस्याओं का समाधान हो रहा है। शुक्रवार को उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में जिला स्तर पर लगाए गए शिविर में कुल 84 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 31 समस्याओं का मौक पर ही समाधान कर दिया गया। उपायुक्त ने इस दौरान कहा कि जिला में लगाए जा रहे शिविरों में प्रशासन की ओर से समस्याओं के समाधान में गंभीरता के साथ काम किया जा रहा है।

प्रशासन की विश्वसनियता के चलते ही दिन प्रतिदिन शिविर में समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। जिला के लोगों से से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इन शिविरों का लाभ उठाएं। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और मौके पर ही समस्याओं के समाधान की कोशिश की जाती है।

## समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की 51 शिकायतें

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार एवं डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला व सीटीएम विपिन कुमार ने लोगों की 51 समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में एसपी सिंगला व नगराधीश कुमार ने लोगों की प्रॉपर्टी आईडीए परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पुलिस विभाग से संबंधित, सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जो शिकायतें मौके पर निपटाने की थी, उनका तत्काल समाधान कर दिया और जिनका समाधान तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए। शिकायतों का समाधान करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।


भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## प्रकाश की ओर ले जाती है पुस्तकें: पंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र होने के साथ.साथ हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है यह बात दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल देवसर की प्राचार्या व मददगार सोसाइटी एनजीओ व जॉय ऑफ़ गिविंग क्लब की सस्थांपक डॉ. अनीता पंत शर्मा ने बुशान में बाबा भैरू नाथ लाइब्रेरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सचांलित बुकं बैंक में किताबें भेंट करते हुए कही। डॉ. अनीता पंत ने लाईब्रेरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बुक बैंक की शुरुआत को सराहनीय पहल बताते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने बताया पुस्तकों के बढ़ते हुए मुल्य के कारण शिक्षा बहुत महंगी होती जा रही है। ऐसे समय में बुक बैंक एक अच्छा विकल्प साबित हो सकतें हैं। अनीता पंत ने बताया कि लाईब्रेरी में समय समय पर प्रतियोगिता होती रहनी चाहिए। प्रधान रामबीर ने बताया कि गांव में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आज से छरू वर्ष पहले निःशुल्क लाइब्रेरी की शुरुआत की थी जिसमें पढ़कर काफी बच्चों ने सरकारी नौकरियों में सफलता हासिल की है।

उन्होंने बताया कि चेरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूक करना व गरीब बच्चों को निरू शुल्क पुस्तकें उपलब्ध करवाना है।


तोशाम। बुक बैंक में किताबें भेंट करते हुए।

## आमजन के कार्य तय समय में पूरा करना करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

■ एसडीएम ने ली बैठक बोले, कोताही सहन नहीं की जाएगी

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि तय समय सीमा के अंदर ही संबंधित कार्यों को निपटाएं। इस विषय में किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। एसडीएम ने उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनते हुए ये निर्देश दिए।

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने स्वयं जमीन फर्द की खिड़की पर पंहुचे व वहां खड़े होकर लोगों की समस्याओं को जाना और सम्बंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। लोगों की समस्या सुनते हुए एसडीएम सरल केंद्र में पंहुचे और वहां मौजूद लोगों से रूबरू हुए। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि लोगों के कार्य तय समय पर निपटाएं। बेवजह आमजन को परेशान न किया जाए अन्यथा कार्रवाई होगी। गांव सुंगरपुर के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोग नहरी पानी के अभाव में खारा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। इस पर एसडीएम ने तुरंत सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को उनकी समस्याओं के निदान के लिए एक सिंगल प्लेटफार्म उपलब्ध कराकर उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा।


तोशाम। लोगों की समस्याओं का समाधान करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

## सरकार गरीब बच्चों को रखना चाहती है शिक्षा से वंचित

**चरखी दादरी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री डॉ मनीषा सांगवान ने कहा कि सरकार ने राजकीय विश्वविद्यालयों में फीस बढ़ोतरी कर गरीब परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित रखना चाहती है। सरकार व विश्वविद्यालय के फीस बढ़ोतरी के फैसले का असर गरीब परिवारों के बच्चों पर पड़ेगा। जो निंदनीय फैसला है। मनीषा सांगवान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि गरीब परिवार का बच्चा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर कामयाब हो। अगर सरकार सरकार गरीब परिवारों का के बच्चों का ख्याल करती तो महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 4 से 5 गुना फीस वृद्धि नहीं होती।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाया जाएगा कानूनी जागरूकता अभियान

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दादरी जिला के गांवों में कानूनी जागरूकता के लिए पूरे माह जागरूकता अभियान चलाया जाएगाए जिसके लिए विशेष तौर पर मोबाइल वैन जिला में भेजी गई है। शुक्रवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि पूरे माह में डीएलएसए की ओर से मोबाइल वैन चलाई जाएगी। जिसके माध्यम से रोजाना किसी ना किसी गांव में लोगों को विभिन्न विषयों पर कानूनी जानकारी दी जाएगी। आज से इस अभियान की शुरूआत की गई है और पहले दिन बधवाना, जावा व बिजणा गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान प्रतिदिन महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभागआदि के कर्मचारी पैनल एडवोकेट के साथ रहेंगे।

## वैश्य कॉलेज की एनसीसी यूनिट रंग लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से कैडेट्स को संस्कारवान करते हुए देश का सभ्य नागरिक बनाने में अहम योगदान दे रही है जिसके लिए वह बधाई की पात्र है यह बात भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में सम्मान पाकर लौटी वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट को बधाई देते हुए प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट की मेहनत रंग लाई। आज विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में भारतीय रेड क्त्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा सनातन धर्म महाविद्यालय अंबाला कैंट में भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, पर्यावरण एवं खेल राज्य मंत्री संजय सिंह आदि ने शिरकत की। जिसमें पूरे हरियाणा प्रदेश से रक्तदान को प्रेरित करने के लिए वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट को राज्य स्तरीय प्रोग्राम में द्वारा सम्मानित किया गया।


भिवानी। वैश्य कॉलेज के कैडेटस को सम्मानित करते राज्यपाल।

## नशा के प्रति जागृति, बच्चों व पुलिस जवानों ने लिया भाग

**चरखी दादरी।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के कुशल.मार्गदर्शन में एवं उप.पुलिस अधीक्षक दादरी सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मचारी व बच्चों ने भाग लिया। रैली में नशे के दुष्प्रभावों के लिए प्रेरित जागरुक किया। उप पुलिस अधीक्षक हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जो यह थाना सदर दादरी से होते हुए भगवान परशुराम चौक, बस स्टैंड, रोज गार्डन से मेजबान चौक तक नशा मुक्त का संदेश देते हुए गुजरी। उप पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र ने युवाओं से भी अपील करते हुए कहा कि युवा नशा के दलदल से बच सकते हैं और देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। इसलिए वो नशे से दूर रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरुकता का संदेश हर घर की दहलीज तक पहुंचना होगा तथा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अहम जिम्मेवारी निभानी होगी। नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### सेक्टर 23 की एसोसिएशन ने गोवंश की सेवा के लिए चलाया अभियान

# हीट वेव से इंसानों के साथ-साथ पशु भी हो रहे हैं प्रभावित

■ एसोसिएशन के लीगल सेल प्रवक्ता राकेश नेहरा ने गोवंश के चारे व पानी का किया प्रबंध

■ गोवंश को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को बढ़ाने चाहिए हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हीट वेव के कारण इंसानों की तरह पशु भी प्रभावित हो रहे है। इस समय बेसहारा गोवंश के लिए चारे के साथ.साथ पानी की समस्या भी बनी हुई है तथा पानी की समस्या के कारण पशुओं को इंसानों से अधिक परेशानियां झेलनी पड़ रही है। गर्मी से पशुओं को बचाने व गोवंश की सेवा के उद्देश्य सेक्टर.23 की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के लीगल सैल प्रवक्ता व तोशाम बार के पूर्व प्रधान राकेश नेहरा ने चारे व पीने के पानी का अपने घर के साथ खली प्लॉट में विशेष प्रबंध किया। इस बारे में राकेश नेहरा ने बताया कि कई साल पहले जब वे शाम को घर के बाहर बैठे हुए थे तो उन्होंने देखा कि गोवंश चारे व पानी के लिए भटक रही है तथा भूख व प्यास से उनका बुरा हाल था। जिसके बाद उन्होंने सैक्टरवासियों से बात करके गोवंश की सेवा का अभियान की शुरूआत की तथा गौवंश के लिए हरे चारे व पानी का प्रबंध करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने तोशाम बार में भी पक्षियों के पीने के पानी का प्रबंध करवाया। नेहरा ने बताया कि पिछले चार पांच साल से बेसहारा गोवंश के बचाव के लिए मई से जुलाई तक पशुओं के चरने के लिए खेतों में कुछ नहीं होता, उस समय पशुओं के लिए हरे.चारे व पानी का प्रबंध करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोवंश सेवा अभियान में उनके साथ ताराचंद यादव, डॉ. विजय सनसनवाल, विक्रम सांगवान, राजकुमार जांगड़ा, अजीत बेनिवाल, प्रमिल सांगवान, सुरेंद्र धानक, जयबीर, अजय सांगवान, धर्मबीर सिवाच, कृष्ण डबास, रामप्रसाद, सुखबीर श्योराण, नरेंद्र पंघाल, रामचंद्र व प्राचार्य होशियार सिंह महला आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि टीम के ये सदस्य पशुओं के चारे.पानी के लिए आर्थिक मदद करते है। उन्होंने बताया कि पशुओं का चारा मंगवाने के लिए एक ऑटो भी लगवाया हुआ है। नेहरा ने बताया कि टीम द्वारा पक्षियों के पीने के पानी के लिए सकोरे भी पेड़ों पर बांधे हुए हैं।


भिवानी। हीट वेव से पशुओं को बचाने के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### अपने स्तर पर प्रबंध करें

राकेश नेहरा ने कहा कि प्रत्येक शहरवासी को चाहिए कि वे गौवंश को भूख.प्यास से बचाने के लिए अपने स्तर पर प्रबंध करें तथा गौवंश को भूखा.प्यासा मरने से बचाने के अभियान में आगे आए। उन्होंने कहा कि गौवंश की सेवा हिंदु धर्म में सबसे बड़ी सेवा मानी गई है। इसीलिए नागरिक गौवंश की सेवा कर पुण्य के भागी बने तथा इसके लिए अपने बच्चों को भी प्रेरित करें।

## दोस्त के घर मिला लापता युवक

**रेवाड़ी।** परशुराम कॉलोनी निवासी एक युवक घर से कार एजेंसी के लिए निकलने के बाद अचानक लापता हो गया। अनिष्ट की आशंका से परिजनों की सांसें अटकी रहीं। आखिरकार तीसरे दिन वह दोस्त के घर मिला, तो परिजनों की जान में जान आई। परशुराम कॉलोनी निवासी प्रिया ने थाना मॉडल टाउन पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसका पति गौरव शर्मा कोर्ट परिसर में टाइप व फोटो स्टेट की दुकान चलाता है। वह 11 जून को शाम के समय दुकान से आने के बाद एक कार के शोरूम जाने की बात कहते हुए घर से निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू की थी।